

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद


MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17


# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https:// dainikyashonnati. com

एप डाउनलोड करें


वर्ष 8+15 अंक 60 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 26 जून 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# कांग्रेस के अत्याचार को देश कभी भूल नहीं सकता - आलोक दुबे




सिवनी यशोः-- 25 जून याद दिलाता है कि कांग्रेस पार्टी की तानाशाही प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी और उनके अत्याचार ने लोकतंत्र की हत्या कर पूरे देश को जेल बना दिया था। उस समय घर में सोए हुए निर्दोषों को जेल भेज दिया गया, देश के 3800 अखबार जब्त किये गये, 327 वरिष्ठ पत्रकारों को मीसा में बंद कर दिया। लोकतंत्र व संविधान को दबाने, कुचलने वाले उन डरावने दिनों और कांग्रेस के अत्याचार को देश कभी भूल नहीं सकता है। आज हमें गर्व है कि उसमें लोकतंत्र के पक्षधर हमारे स मानीयजनों ने कांग्रेस सरकार के तानाशाही रवैये का विरोध करते हुये तमाम यातनाएँ सहते हुये जेल रहे और भारतीय लोकतंत्र की रक्षा के लिये अपना योगदान दिया ऐसे लोग हमारे लिये वंदनीय है आज उनके योगदान को हम प्रणाम करते है उक्ताशय के विचार भाजपा जिलाध्यघ्यक्ष आलोक दुबे ने भाजपा कार्यालय में आपातकाल दिवस के संस्मरण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाजपा के कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुये कही।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता एवं पार्टी के पितृपुरूष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डाँ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। इसके पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने अपना संबोधन देते हुये कहा कि 70 के दशक में इंदिरा गाँधी ने न्यायपालिका को पंगु बना दिया था। आज उन्हीं के वंशज एक बार भी आपातकाल में किये अत्याचार के लिए माफी मांगने को तैयार नहीं है। आज भी गाँधी- नेहरु परिवार में वंशवाद, परिवारवाद चल रहा हैं। आज भी यह लोग इसी अहंकार के साथ काम कर रहे है। हम सबने देखा कि 2004 से 2014 के बीच केंद्र में रही सरकार में प्रधानमंत्री छोटा और गाँधी परिवार बड़ा होता था, इनके युवराज ने संसद में बिल फाड़कर बता दिया की गाँधी परिवार सरकार से बड़ा है। यह देश के बाहर जाकर देश को बदनाम करते है। उन्होंने कहा कि कुछ विदेशी ताकतें वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत के बढ़ते मान- स मान से घबराई हुई है। ये देश विरोधी ताकतें भारत की तरक्की को रोकना चाहते है और दुर्भाग्य से ही देश के कुछ नेता इनके टूलकिट बनकर काम कर रहे है।

कार्यक्रम में जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष वेदसिंह ठाकुर, प्रेम तिवारी, कीरत सिंह बघेल, रमेश तिवारी, मिथलेश वर्मा, प्रवीणभारद्धाज, गार्वे जी, सिवनी नगर उत्तर मंडल के अध्यक्ष संजय सोनी दक्षिण मंडल के अध्यक्ष अभिषेक दुबे, सोशल मीडिया के जिला संयोजक आशीष सोनी, राजेश यादव, पंकज बिसेन अनुसुचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष आशीष माना ठाकुर युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भुनेश कुल्हाडे, ऋषभ चौरसिया आई टी के जिला सहसंयोजक रूपेश मिश्रा, ुशेन्द्र पवार जित्तू यादव सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ता बड़ी सं या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय सोनी ने किया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजनों ने आपातकाल पर बनी डो युमेंट्री फिल्म देखी।

## लोकतंत्र की विरोधी रही है कांग्रेस - दिवाकर



आपातकाल दिवस के इस कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक नरेश दिवाकर ने अपने संबोधन में में कहा कि कांग्रेस सरकार की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की संसद की सदस्यता को न्यायालय ने अमान्य कर दिया था तो इन्होंने न्यायालय के फैसले को मानने से इंकार करते हुये न्यायापालिका का अपमान करते हुये सत्ता में बने रहने के लिये पूरे देश में आपातकाल लगा दिया और निर्दोष लोगों को जेल में बंद करने का काम प्रारंभ कर दिया देश के अखबारों के कार्यालयो में तालाबंदी की सरकार के विरोध में बोलने वाले भारत माता की जय बोलने वालो को जेल में ठूंसने का काम किया विरोध करने वालों को या विरोध करने की जिन पर आशंक होती उन्हें जेल भेज दिया जाता था। श्री दिवाकर ने कहा कि सिवनी जिले में भी कांग्रेस के इस दमन का बड़ा भयानक स्वरूप हमने देखा है हमारे पिताजी और उनके साथियों को जेल में ठूंस दिया गया था वह समय ऐसा था कि मीसा में बंद व्यक्तियों के रिश्तेदारों की भी निगरानी होती थी आपातकाल पूरे 21 माह चला इस दौरान अनेक परिवारों के मुखियाओं को जेल में बंद कर दिया गया था और कांग्रेस ने लोकतंत्र को कुचलने का काम किया।

श्री दिवाकर ने कहा कि कांग्रेस के एक परिवार ने देश को अपनी जागीर समझ लिया है और पूरी कांग्रेस उसी परिवार के लिये काम करती है देश की जानती समझ समझ चुकी है कि कांग्रेस देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का स मान नहीं करती और जनता के हित में कोई काम करने की इसकी कोई नीति नहीं है। इसलिये पूरे देश में कांग्रेस को नाकारा जा रहा है कांग्रेस झूठ और भ्रम फैलाकर सत्ता में आने की कोशिश कर रही है इसको समझने की आवश्यकता है और जनता को समझाने की आवश्यकता है।

## वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया

छपारा यशोः- गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना महारानी रानी दुर्गावती की 459 वा




बलिदान दिवस ग्राम समंदराजा दिघोरी में आयोजित किया दिनांक,24/6/2023को मु य अतिथि तिरू,सदमसिह बरकडे अधयक्ष जनपद पंचायत छपारा विशेष अतिथि तिरू, सकत धुरवे ब्लॉक अध्यक्ष गो,ग,पा छपारा तिरू रामचंदतेकाम जिला महा सचीव गो ग,पा सिवनी तिरु शिवशंकर बरकडे जी,एस,यू ब्लॉक अध्यक्ष छपारा, कार्यक्रम अध्यक्ष तिरु राधेलाल उइके सरपंच ग्राम पंचायत पीपरढाना कार्यक्रम प्रभारी शिवप्रसाद उइके पंचदिघोरी राजेश उइके ढुक के टोला मंच संचालक तिरू शिवदयाल उइके ब्लॉक प्रवक्ता गोगपा छपारा एवम जनपद पंचायत छपारा के सभी गो ग पा के शुभ चिंतक बलिदान दिवस कार्यक्रम में उपस्थित हुए सभी ने बारी-बारी से वीर गाना महारानी दुर्गावती छायाचित्र पर तिलक लगाकर पुष्प अर्पित किया श्रद्धा सुमन अर्पित कर वीर गाना महारानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डाला इस कार्यक्रम में जनपद क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता मातृ शक्ति पित्र शक्ति युवा शक्ति बड़ी सं या में उपस्थित रहे

## 7 वीं राष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट चैंपियनशिप मथुरा में मध्य प्रदेश टीम का शानदार प्रदर्शन

**छत्तीसगढ़ उड़ीसा को हराने के बाद एमपी का मुंबई ,महाराष्ट्र और यूपी से होगा कड़ा संघर्ष**

**सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित सैकड़ों क्रिकेट प्रेमियों ने दी टीम के कोच काबिज़ खान और टीम को बधाई**

सिवनी यशोः- 7 वी राष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट चैंपियनशिप मथुरा में लीग मुकाबलो के पहले दिन मध्य प्रदेश टीम का शानदार प्रदर्शन रहा मध्य प्रदेश टीम ने पूनम के पहले दिन पूर्व चैंपियन छत्तीसगढ़ और उड़ीसा को एक तरफा मुकाबलों में हराया वही लीग मुकाबलों के दूसरे दिन मध्य प्रदेश टीम का मुंबई यूपी और महाराष्ट्र से मैच होने हैं। मध्य प्रदेश टीम का नेशनल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन पर सिवनी विधायक सहित सैकड़ों लोगों ने बढ़ाई प्रेषित की।

जिला टैनिस क्रिकेट एसोसिएशन सिवनी और स्क्रू के अध्यक्ष एडवोकेट नरेंद्र ठाकुर ने जानकारी दी की आज एमपी टीम का पहला मैच छत्तीसगढ़ के विरुद्ध खेला जिसमें टास जीतकर छत्तीसगढ़ टीम के कप्तान ने मध्य प्रदेश टीम के कप्तान निहाल को पहले बल्लेबाजी करने का मौका दिया जिसमें शानदार ताबातोद बल्लेबाजी करते हुए टीम के खिलाड़ियों ने महज़ 6 ओवरों में 105 रन बनाकर छत्तीसगढ़ टीम के सामने पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया। जिसमे पवन ने 16 गेंदों का सामना कर 50और सिद्धार्थ ने 15 गेंदों का सामना 46 रनो की ताबातोड़ बल्लेबाजी की जवाबी पारी खेलने उतरी थी छत्तीसगढ़ निर्धारित 6 ओवरों में 7 ओवर 7 विकेट खोकर महज 26 रन ही बना पाई मध्य प्रदेश टीम ने यह मुकाबला 79 रनों से जीता।




**मध्य प्रदेश टीम की ओर से सारिक अहमद ने 2 ओवर देकर 7 रन खर्च किए वही तीन विकेट झटके आमिर जमीदार ने 1 ओवरमे 2 रन खर्च के खर्च करके 2 विकेट हासिल किए**

मध्यप्रदेश टीम का दूसरा मुकाबला पूर्व चैंपियन टीम उड़ीसा से हुआ जिसमें उड़ीसा की टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर मध्य प्रदेश टीम के कप्तान निहाल खान को गेंदबाजी करने के लिए आमंत्रित किया घातक गेंदबाजी करके मध्य प्रदेश टीम के खिलाड़ियों ने उड़ीसा टीम को 6 ओवरों में 70 रन बनाकर पारी समाप्त की जवाबी पारी खेलने उतरी टीम मध्य प्रदेश ने 5.2 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया इस मैच में मध्य प्रदेश टीम के ओपनर बल्लेबाज पवन ने 11 गेंद पर 23 रन बनाए और आमिर जमीदार ने 1 ओवर का 1 ओवर में 3 रन देकर तीन विकेट झटके यह मुकाबला भी मध्य प्रदेश टीम ने 6 विकेट से जीत लिया।।

**लीग मुकाबलों में मध्य प्रदेश टीम के मैच अभी मुंबई महाराष्ट्र और मेजबान यूपी टीम से होना है।**

मध्य प्रदेश टीम शुरुआती मैच में जीत पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन जी जिला टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन और एसपीएल के अध्यक्ष एडवोकेट नरेंद्र ठाकुर सिवनी नगर भाजपा अध्यक्ष अभिषेक दुबे जी सिवनी बॉयज ` लब के आनर और कप्तान आसिफ पटेल जय चौहान जबलपुर योगेश राजपूत जी सहित सैकड़ों क्रिकेट प्रेमियों ने सोशल मीडिया एवं दूरभाष से टीम के कोच और मध्य प्रदेश टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अब्दुल काबिज खान और टीम के खिलाड़ियों को बधाइयां प्रेषित की है।

## बुधवारी तालाब में बड़ी सं या में मछलियाँ पुनः मृत

सिवनी यशोः- सिवनी मु यालय के बुधवारी तालाब में एक बार पुनः सैकड़ों मछलियाँ मार गयी इस प्रकार की घटना अल्प समय में दूसरी बार घटित हुई है मछल्यों की अचानक मौत से मछुआरे बुरी तरह परेशान



है उन्हें आर्थिक बड़ी क्षति का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को मृत अवस्था में मछलियां तालाब के किनारे एकत्रित दिखाई दे रही है। तथा कुछ मृत मछलियां तालाब के पानी मृत अवस्था में पानी के ऊपर दिखाई दे रही हैं। इस घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने अधिकारियों को दी है। वही इस बात का पता नहीं चल पाया है कि आखिर किस कारण से मछलियां मृत्यु हुई है। इसके पूर्व भी तालाब में बड़ी सं या में मछलियां मृत हो गई थी। जिसके बाद अधिकारी जांच कर रहे थे। लेकिन इस तरह से अचानक मछलियों की मौत पुनः हो जाने से क्षेत्र में सनसनी का माहौल है।` योंकि यदि दूषित पानी के कारण मछलियों की मौत हुई होगी तो लोगों के लिए यह बड़ी समस्या है। बताया जाता है कि इस तालाब के पानी का उपयोग स्थानीयजन अन्यों के लिये भी करते है सब्जी मार्केट पास होने से इसके पानी का उपयोग सब्जियों को धोने में भी होने की बात कही जा रही है। यदि तालाब का पानी दूषित होने के कारण मछलियों की मौत हुई है तो बड़ी घटना की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल इस पूरे मामले की जानकारी देने के बाद अधिकारी भी जांच कर रहे हैं। और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर इतनी बड़ी सं या में मछलियां कैसे मृत हो गई।

# महाकाल लोक में हुये भ्रष्टाचार की जाँच जज से करायी जाये - कांग्रेस

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा नगरपालिका के सामने धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल को प्रदेश एवं जिले की नि नलिखित समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। मध्यप्रदेश की वर्तमान स्थिति से प्रदेश के संवैधानिक मुखिया होने के नाते आप भली प्रकार अवगत है। मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चैहान की सरकार घोटाले, भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों में लिप्त है। पूरे प्रदेश में त्राहि-त्राहि की स्थिति बनी हुई है, इन समस्याओं की और आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए आज दिनांक 24 जून 2023 को कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन कर रही है, और इस ज्ञापन के माध्यम से आपको समुचित कार्यवाही करने का आग्रह करती है। आपको विदित होगा कि पिछले महिने तेज हवा चलने से ही उज्जैन में महाकाल लोक में बनी सप्त ऋषियों की मर्तिया गिर गई और महाकाल लोक को अन्य तरीके का नु सान भी पंहुचा। महाकाल लोक का उद्घाटन देश के स मानित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। सप्त ऋषियों मूर्तिया गिरना ना सिर्फ अपशगुन है बल्कि शिवराज सिंह सरकार के भ्रष्टाचार का जीता-जागता उदाहरण है। इस ज्ञापन के माध्यम से हम मांग करते है कि महाकाल लोक में हुए भ्रष्टाचार की उच्च न्यायालय के किसी जज से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों को दंडित किया जाएं।

आपको विदित ही होगा कि 12 जून 2023 को राजधानी भोपाल के सचिवालय के सतपुड़ा भवन में भीषण आग लगी और इसमें महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज जलकर भस्म हो गए। कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि यह आग लगी नहीं थी, बल्कि शिवराज सरकार के भ्रष्टाचार के सबूत मिटाने के लिए जानबूझकर लगाई गई थी। इस अग्निकांड की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच होनी चाहिये तथा दोषी अधिकारियों एवं राजनैतिक नेतृत्व को दंडित किया जाना चाहिए। मध्यप्रदेश में इस समय बड़े पैमाने पर अघोषित बिजली



कटौती की जा रही है, आम नागरिक इस बिजली कटौती से बुरी तरह परेशान है, हालत यह है कि महत्वपूर्ण सरकारी अस्पतालों तक में बिजली कटौती हो रही है, यह सीधे-सीधे

संविधान में दिए गए मानव अधिकारों का उल्लंघन है। आप मु यमंत्री एवं मध्यप्रदेश सरकार को निर्देशित करे कि प्रदेश में बिजली की आपूर्ति निर्वाद रूप से हो सके। इन परिस्थितियों के साथ ही प्रदेश में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार, घोटाले एवं बढ़ती महंगाई, रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल के दामों पर भारी वृद्धि, बेरोजगारों, महिलाओं, अबोध बालिकाओं पर हो रहे अत्याचार आदि के विषय भी समय समय पर आपके संज्ञान में आते होंगे।

मध्यप्रदेश की सरकार इन सब विषयों पर कुंभकरण की तरह सो रही है, ऐसे में आप संवैधान्कि मुखिया होने के नाते इन विषयों पर सरकार से सही कदम उठाने के लिए निर्देश दें। माननीय आपसे निवेदन है कि ये सभी विषय मध्यप्रदेश के 8 करोड़ से अधिक निवासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनकी जीवनधारा इन विषयों से जुड़ी हुई है।

जिस प्रदेश में ना भगवान का घर सुरक्षित हो ना सरकार का घर अर्थात सचिवालय सुरक्षित, ना अस्पताल में बिजली आती हो और बहु-बेटिया सुरक्षित घर से बाहर ना निकल पाती हो, वहां लोग किस तरह से अपना जीवन निर्वाह कर रहें होंगे आप अच्छी तरह से समझ सकते है।

### नगर की शासकीय जमीन की बिक्री को रोका जाये

सिवनी जिले में पुनः घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत नगर की बेश-कीमती जमीनों को बाजार मूल्य का ध्यान ना रखते हुये प्रशासन और सत्ताधारी दल के जनप्रतिनिधियों की मिली भगत से औने-पौने दाम पर बेचा जा रहा है शासकीय जमीन ब्रिकी पर शीघ्र रोक लगायी जाए। सिवनी जिले में उपार्जित भंडारित गेंहूँ अन्य जिला में न भेजकर सिवनी जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में गेंहूँ का वितरण किया जाये, सत्ताधारी दल के रेत माफियाओं द्वारा अवैध रेत का उत्खन्न भारी मात्रा में किया जा रहा है गिट्टी क्रेशर मालिकों द्वारा अवैध उत्खन्न एवं नियम विरूद्ध ब्लास्टिंग की जा रही है जिससे आस-पास के क्षेत्र के धार्मिक स्थल एवं रहवासियों के मकान जर्जर हो रहें है अवैध ब्लास्टिंग पर रोक लगाई जाए जिस पर रोक लगायी जाए दोषियों पर कार्यवाही की जाए। निर्माणधीन सिवनी मेडिकल कालेज जो कि आमजन के प्रवेश पर स ती से रोक है आमजन को अवलोकन करने दिया जाए।

### पेंच की नहरों में हुये भ्रष्टाचार कीजांच की जाये

माचागोरा पेंच निर्माण के तहत डी-2 नहर निर्माण में बहुतायत मात्रा में अनियमितता बरती गई हैं ना ही कही अलार्म एंड मिलाया गयया है ना ही पुल निर्माण में लेवल में लाया गया है तथा विभागीय अधिकारियों एवं सत्ताधारी भाजपा के जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से पेट नहर निर्माण के तहत ऐतिहासिक भ्रष्चचार को अंजाम दिया गया जिसका भुगतमान सिवनी जिला के किसानों को भोगना पड़ रहा है साथी पॉइंट 39, 40, 41 एवं 44 मैं नहर की स्थिति बहुत नाजुक है सिवनी से छिंदवाडा रोड़ में नहर के पुल के अंदर बहुत कम साईज के पाईप डाल दिये गये है जिससे पानी की सप्लाई बहुत कम हो रही है ऐसी स्थिति में कलारबांकी क्षेत्र भोंगाखेड़ा क्षेत्र के किसानों को पानी मिलना मुश्किल है गुणवत्ताविहीन


शेष समाचार पृष्ठ 03 पर


## जबरन नॉलेज



# भोपाल में प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर एक घंटे पहले रास्ते होंगे बंद

**प्रधानमंत्री की की सुरक्षा में एसपीजी, एटीएस, हाकफोर्स के कमांडों,20 आइपीएस और चार हजार पुलिस बल तैनात रहेगा।**




भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जून को एक दिवसीय दौरे पर भोपाल आ रहे हैं। वह रानी कमलापति और लाल परेड मैदान में बूथ विस्तारक कार्यक्रम में शामिल होंगे। सुरक्षा कारणों की वजह से उनके भोपाल आगमन के एक घंटे पहले से नए शहर के खासकर राजभवन, लालपरेड ग्राउंड से जुड़े मार्गो का ट्रैफिक प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही जेल पहाड़ी रोड से बागसेवनिया थाना तिराहा तक का ट्रैफिक भी बंद कर दिया जाएगा। हालांकि पुलिस का डायवर्सन प्लान को अभी अंतिम रुप नहीं दिया गया है,इस रणनीति को लेकर चर्चा पूरी हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा अन्य वीवीआइपी और वीआइपी उस दिन राजधानी में मौजूद रहेंगे। इस कारण से ट्रैफिक का दबाव अधिक रहेगा। सुबह से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म-1 की तरफ से यात्रियों का प्रवेश भी बंद रहेगा। यात्री प्लेटफॉर्म-5 से आवागमन करेंगे। प्रधानमंत्री की की सुरक्षा में एसपीजी, एटीएस, हाकफोर्स के कमांडों,20 आइपीएस और चार हजार पुलिस बल तैनात रहेगा।

**सुबह से शाम बदला रहेगा ट्रैफिक**

मालवाहक, भारी, व्यावसायिक,अनुमति प्राप्त वाहन आवश्यकतानुसार सुबह से शाम शाम तक रोशनपुरा चौराहे से पुराना पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा एवं मछलीघर तिराहा से गांधी पार्क तिराहा तक ट्रैफिक प्रतिबंधित रह सकता है। इसी तरह रोशनपुरा चौराहा से पॉलिटेंनिक चौराहा, कमला पार्क, रेतघाट, वीआईपी रोड, लालघाटी, गांधी नगर तिराहा एवं पॉलिटेंनिक चौराहा से गांधी पार्क तिराहा तक आवागमन प्रतिबंधित रहने का अनुमान है।

**सुबह से यह रास्ते हो जाएंगे बंद**

सामान्य दो पहिया, चार पहिया,लोक परिवहन वाहन सुबह से शाम तक मालवीय नगर,एयरटेल तिराहा से पुराना पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा व मछलीघर तिराहा से गांधी पार्क तिराहा तक प्रतिबंधित रहेगा।

# प्री मानसून की बारिश से खिले किसानों के चेहरे, आज डिंडोरी के रास्ते प्रदेश में दस्तक देगा मानसून

**छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को मानसून ने दस्तक दे दी है। मौसम विभाग की मानें तो एक से दो दिन मानसून मध्य प्रदेश पहुंच सकता है। वहीं, प्री मानसून की बारिश से किसानों के चेहरे खुशी आई है। प्रदेश में अब खेती का काम शुरू हो जाएगा।**



भोपाल= मानसून आने से पहले ही मध्य प्रदेश के 19 जिलों में जिलों में झमाझम बारिश का दौर जारी है। अभी मानसून के आने में 1 से 2 दिन की देरी है। शुक्रवार को मानसून ओडिशा और छत्तीसगढ़ में पहुंच गया। शनिवार-रविवार को यह मध्य प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। ऐसे में प्रदेश के किसानों के लिए खुशखबरी है। अब वह खरीफ़ की फसल की बुवाई कर सकते हैं। संभवतः मानसून प्रदेश के पूर्वी हिस्से से प्रवेश करेगा।

मध्य प्रदेश में सबसे पहले मानसून डिंडोरी, बालाघाट, उमरिया अनूपपुर, शहडोल, मंडला में बारिश करा सकता है। इससे पहले ही प्री मानसून बारिश का सिलसिला चल रहा है। राजधानी भोपाल, संस्कारधानी जबलपुर सहित प्रदेश के 19 जिलों में शुक्रवार को झमाझम बारिश हुई। टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले में भारी बारिश कराने वाला बिपरजॉय तूफान का असर अब रीवा और शहडोल में दिख रहा है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि शनिवार को यह तूफान सीधी, सिंगरौली, सतना, उमरिया, डिंडोरी और अनूपपुर जिले में बारिश करा सकता है।

**इन जिलों में हुई झमाझम बारिश**

शुक्रवार सुबह 8=30 बजे से शाम के 5=30 बजे तक राज्य के कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। भोपाल जिले में 23.6, मिलीमीटर, सिवनी में 21, मंडला में 18, रायसेन में 18, भोपाल शहर में 16.6, पचमढ़ी में 14, छिंदवाड़ा में 13, नर्मदापुरम में 11, सागर में 9 ग्वालियर में 8, खजुराहो में 6, जबलपुर में 5, इंदौर में 4.8, नरसिंहपुर में 4, नौगांव में 3, दमोह में 2, रतलाम में 1, उज्जैन में 0.6, गुना में 0.2 मिली मीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। आपको बता दें कि इन में से अधिकांश जिलों में गुरुवार को भी बारिश हुई थी।

**खरीफ की बुआई के लिए अनुकूल हुआ मौसम**

मध्य प्रदेश में अब किसानों के लिए खुशखबरी है लगातार गिर रहे पानी के बाद अब प्रदेश के किसान खरीफ की बुआई में जुट सकते हैं। 2 से 3 दिनों में मानसून प्रदेश में सक्रिय हो जाएगा ऐसे में यह मौसम फसल बुवाई के लिए अनुकूल है। सिवनी जिले में अत्यधिक बारिश के कारण खेतों में भी पानी भर गया।

**पूरे प्रदेश में होगी बारिश**

मौसम विभाग ने शनिवार को प्रदेश के सभी जिलों में गरज चमक के साथ बौछार पड़ने का अनुमान जारी किया है। विदिशा, रायसेन, बैतूल, हरदा, अनूपपुर, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, और मंडला जिलों में भारी बारिश का भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा शेष सभी जिलों में भी गरज चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं।

**तापमान में बड़ी गिरावट**

जून के शुरुआती दिनों से गर्मी का तपिश झेल रहे नागरिकों को शुक्रवार से राहत मिली।।प्रदेश के सभी जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान सीधी और टीकमगढ़ में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राजधानी भोपाल में 31, ग्वालियर में 36.4, इंदौर में 21.4, जबलपुर में 28.3, डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआ है। कई जिलो का तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आने का अनुमान जारी किया है।

## इस दिन आएगी दूसरी किस्त, खाते में अब 1000 नहीं बल्कि आएंगे इतने रुपए

भोपाल। मध्य प्रदेश की लाडली बहनों के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। बता दें कि लाडली बहना योजना से जुड़ी पात्र महिलाओं के खाते में मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जल्द ही दूसरी किस्त की राशी ट्रांसफर करेंगे। जानकारी मिली है कि इसको लेकर शिवराज सरकार ने वित्तीय अफसरों से जानकारी मंगाई है। इस योजना के तहत अगले 3 महीने में महिलाओं को 3 हज़ार रुपए तक राशि खाते में भेजी जाएगी।

**वंचित महिलाओ के 1 जुलाई से शुरु होंगे आवदेन**

लाडली बहना योजना के तहत पहली किस्त की राशि जिन महिलाओं को नहीं मिली है, उनके खाते में भी 1 जुलाई से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। जिसके तहत ऑनलाइन फॉर्म जमा करवाएं जाएंगे। इसमें 21 साल की महिलाओं को पात्र माना जाएगा। सरकार ने इसमें अविवाहित लड़कियों को भी शामिल कर लिया है। ऐसे में कुछ शर्ते भी रखी गई है जिसके तहत आवदेन कर लाभ ले सकते हैं।

**1 से 10 जुलाई के बीच भेजेंगे राशी**

जानकारी मिली है कि लाडली बहना योजना की दूसरी किस्त 1 जुलाई से लेकर 10 जुलाई के बीच महिलाओं के खाते में भेजी जाएगी। इस बार खास बात यह है कि महिलाओं को 1000 की जगह 1250 रुपए खाते में ट्रांसफर करेंगे। साथ ही जिन महिलाओं को पहली किस्त का पैसा नहीं मिला है ।उनके खाते में भी पैसे भेजने के लिए 1 जुलाई से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। जिसके तहत महिलाओं के खाते में पहली किस्त का पैसा भी भेज दिया जाएगा।

# मौत के एक साल बाद हाथ लगा सुसाइड नोट, मृतक के तीन भाई और ताई को किया गिर तार

**मध्य प्रदेश में एक बीजेपी पदाधिकारी के मौत का मामला एक साल बाद नए मोड़ पर आकर अटक गया। दरअसल एक साल बाद पुलिस के हाथ सुसाइड नोट लगा है जिसमें मृतक ने अपने तीन चचेरे भाई और बड़ी मां को अपनी आत्महत्या का कारण बताया है। फिलहाल पुलिस ने चारों आरोपियों को गिर तार कर लिया है।**



इंदौर । मध्य प्रदेश के इंदौर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, पुलिस एक हत्या के मामले में जांच कर रही थी, कोर्ट की ओर से फैसला सामने ही आने वाला था, तभी पुलिस के हाथ कुछ ऐसा सुराग लगा, जिसने पूरे केस को ही पलट कर रख दिया।

नेहरू नगर के निवासी धीरज वर्मा की पिछले साल मई में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। जिसके बाद एक बुटीक की संचालिका वीणा जैन उन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल लेकर गई थी। इसके बाद से ही धीरज के परिजन कहने लगे कि वीणा ही कातिल है। पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई कर रही थी।

**परिजन लगा रहे पुलिस पर आरोप**

इसके बाद से ही धीरज के परिजन हत्या का केस दर्ज करने की मांग करने लगे थे। लगातार धीरज की पत्नी अपने बच्चों के साथ पुलिस स्टेशन और अफसरों के द तर के चक्कर लगा रही थी। धीरज के परिजनों ने खूब प्रदर्शन किया और हाई कोर्ट भी पहुंच गए थे। पुलिस पर आरोप लगाया जा रहा था कि वो असल मुजरिमों को बचाने की कोशिश कर रही है। धीरज पेशे से एक फोटोग्राफर और भाजपा का एक पदाधिकारी था।

**दो महीने बाद बदल गई जांच की दिशा**

पुलिस भी वीणा जैन के इर्द-गिर्द ही जांच कर रही थी। करीब दो महीने बाद वीणा जैन के बुटीक से धीरज का एक बैग बरामद हुआ, जिसमें उसका सामान रखा था। पुलिस ने धीरज के परिजनों के सामने ही बैग को हिरासत में लिया और उसमें से धीरज का सामान और एक सुसाइड नोट मिला। धीरज ने अपने सुसाइड नोट में लिखा था कि वह बड़ी मां कविता शेर सिंह वर्मा और उसके बेटे नवीन, दीपेश और जयदीप के कारण आत्महत्या कर रहा है।

**पुलिस को नोट पर नहीं हुआ विश्वास**

पुलिस को इस नोट पर विश्वास नहीं हुआ। परिजनों ने बैग देखकर पुष्टि की कि बैग धीरज का ही है। उसमें रखे कागज धीरज के ही हैं और इसके बाद पुलिस ने सुसाइड नोटे के लिखावट की जांच कराई। लिखावट की जांच हो जाने के बाद पुष्टि हो गई कि वो धीरज की ही है। इसके बाद ऐ सपर्ट की रिपोर्ट मिलते ही पुलिस ने चारों को गिर तार कर लिया।

**कार्रवाई पर बहन उठा रही सवाल**

हालांकि, इसके बाद भी धीरज की बहन पूजा ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाया है। पूजा का कहना है कि पुलिस अपना पीछा छुड़ाने के लिए केस को यह एंगल दे रही है। साथ ही, उसने कहा कि बरामद हुआ सुसाइड नोट दो साल पुराना है। पूजा ने बताया कि धीरज ने पारिवारिक मतभेद के कारण यह सुसाइड नोट लिखा था और तब से इसी के पास था, उसकी हत्या का इस लेटर से कोई नाता नहीं है। पुलिस ने खुद को बचाने के लिए भाई और ताई को पकड़ लिया।

## श्रावण माह के लिए सजने लगा राजा महाकाल का आंगन, विश्राम धाम में शिव लीला के दर्शन

उज्जैन। ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में श्रावण मास को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। परिसर में टनल का निर्माण कराया जा रहा है। विश्राम धाम की साज-सज्जा अंतिम दौर में है। दीवारों पर चित्र बनाए जा रहे हैं, इसके माध्यम से भक्तों को यहां शिव लीला के दर्शन हो सकेंगे।

प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि श्रावण मास में इस बार दस लाख से अधिक भक्तों के महाकाल दर्शन करने आने का अनुमान है। भक्तों की सं या को देखते हुए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं।

परिसर में टनल निर्माण का काम भी एक पखवाड़े में पूरा हो जाएगा। इस रास्ते से आसानी से भक्तों को गणेश मंडपम में प्रवेश दिया जाएगा। यहां से भक्त भगवान महाकाल के दर्शन कर बाहर निकलेंगे।

चार व पांच नंबर गेट से मंदिर में प्रवेश के लिए विश्राम धाम प्रमुख स्थान है। नगापंचमी के दिन भी नागचंद्रेश्वर मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्तों को विश्राम धाम से होकर पुल के रास्ते मंदिर नागचंद्रेश्वर मंदिर पहुंचना होगा। इसलिए विश्राम धाम का रिनोवेशन प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। इसकी दीवारों पर पेंटिंग के माध्यम से धार्मिक चित्रावली बनवाई जा रही है। भक्तों को यहां खड़े रहने पर श्री महाकाल महालोक की तरह शिव लीला के दर्शन होंगे। विश्राम धाम में लगे पीतल के बैरिकेड पर ब्रास पालिश की गई है। इससे यह स्वर्णिम आभा से दमकने लगे हैं। श्रावण में नवश्रृंगारित विश्राम धाम भक्तों के स्वागत के लिए एक सप्ताह में पूरी तरह तैयार हो जाएगा।

## छिंदवाड़ा में दो बाइक आपस में टकराई, दो युवकों की मौत

छिंदवाडा ।छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा थाना अंतर्गत आने वाली ग्राम चिमौआ के पास तेज र तार दो बाइक आपस में टकरा गई। इससे बाइक चला रहे दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि बाइक आपस में टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही तत्काल सिंगोड़ी चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल दोनों युवकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हर्रई निवासी विकास डेहरिया (25) अपनी बाइक से छिंदवाड़ा से हर्रई जा रहा था। पिपरिया भारती का रहने वाला अभिषेक उईके (20) अपनी बाइक से छिंदवाड़ा आ रहा था। चिमौआ के पास दोनों की बाइक आपस में टकरा गई। इससे विकास और अभिषेक दोनों के सिर में गंभीर चोट आई और दोनों ने ही मौके पर दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद तत्काल चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने निजी वाहन में दोनों शवों को अमरवाड़ा अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वहीं परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।

# धर्मांतरण के मामलों में बिना शिकायत के कार्रवाई नहीं कर सकती पुलिस, हाई कोर्ट का बड़ा फैसला



जबलपुर: मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने धर्मांतरण को लेकर एक बड़ा फैसला दिया है। हाई कोर्ट ने कहा है कि धर्मांतरण के मामलों में पुलिस अपने मन से कार्रवाई नहीं कर सकती, यदि पीड़ित या उसके परिजन शिकायत ना करें। इसके अलावा अदालत के निर्देश पर भी पुलिस कार्रवाई कर सकती है। एमपी हाई कोर्ट ने धर्मांतरण के आरोपी आर्कबिशप और नन को अग्रिम जमानत देते हुए शुक्रवार को यह फैसला सुनाया।

पुलिस ने जबलपुर के आर्कबिशप जेराल्ड अलमेडा और नन सिस्टर लिजी जोसेफ के खिलाफ धर्मांतरण का मामला दर्ज किया था। नेशनल कमीशन फॉर प्रोटे शन ऑफ चाइल्ड राइट्स के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो की शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

सिस्टर लिजी जोसेफ कटनी में आशा किरण हो स से जुड़ी हैं। कानूनगो ने आशा किरण हो स का निरीक्षण किया था। उन्होंने दोनों पर नाबालिग बच्चों के धर्मांतरण का आरोप लगाया था। इसके बाद दोनों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया था। हालांकि, पीड़ित बच्चों या उनके परिजनों ने इस बारे में कोई शिकायत नहीं की थी।

आर्कबिशप और नन ने इसके खिलाफ कोर्ट में अपील की थी और अग्रिम जमानत की मांग की थी। इसी मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है।

## चुनाव से पहले कर्मचारियों को बड़ी सौगात, सीएम ने किया महंगाई भत्ता चार फीसदी बढ़ाने का एलान



सिहोर। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को सीहोर जिले के भैरूंदा तहसील के गिल्लौर गांव में मु यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह-निकाह योजना के तहत आयोजित स मेलन में सपत्नीक शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए सीएम ने प्रदेश के कर्मचारियों को बड़ी सौगात देते हुए महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत वृद्धि का एलान किया। कर्मचारियों के लिए चुनावी साल में यह बड़ी घोषणा है।

**केंद्र व राज्य के बीच डीए का अंतर खत्म होगा**

मु यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच चार प्रतिशत डीए का जो अंतर वह इससे समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि रोजगार सहायकों की भी अपेक्षाएं हैं, उनकी समस्यों के समाधान के लिए शीघ्र ही पंचायत बुलाई जाएगी। मु यमंत्री ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का पहले ही मानदेय बढ़ाया है तथा उनके के लिए वेतनवृद्धि की घोषणा की है, जो उन्हें हर साल मिलेगी।

**साढ़े सात लाख कर्मचारियों को होगा लाभ**

बता दें, चुनावी साल में प्रदेश के कर्मचारी संगठन अलग-अलग मांगों को लेकर मु यमंत्री से मिलते रहे हैं और आंदोलन भी करते रहे हैं। मु यमंत्री की इस घोषणा से प्रदेश के साढ़े सात लाख कर्मचारियों और करीब तीन लाख पेंशनर्स को सीधा फायदा होगा।

मु यमंत्री कार्यक्रम में 470 जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें कन्या विवाह योजना के तहत मिलने वाली 49.49 हजार रुपये की राशि के चेक सौंपे। मु यमंत्री ने इस मौके पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'मामा की दुआएं लेती जा, जा तुझको सुखी संसार मिले'। मु यमंत्री ने कहा कि अब गरीब अभिभावकों को बेटियों के विवाह की चिंता नहीं करनी चाहिए। आजीविका मिशन में बहनों को जोड़कर उनकी आमदनी बढ़ाई जाएगी। हमारा लक्ष्य है हर बहन की माह में कम से कम 10 हजार रुपये की आमदनी हो। मेरी हर बहन लखपति हो। हमें बहनों को मजबूर नहीं रहने देना है, मजबूत बनाना है। प्रदेश में कोई गरीबी में नहीं रहेगा, सरकार आपके साथ है, मामा आपके साथ है।

**विश्वास नहीं तोडना चाहिए**

मु यमंत्री चौहान ने नवविवाहित जोड़ें को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विवाह एक पवित्र संस्कार है, पवित्र बंधन है। आपस में मिल-जुल कर साथ रहें। पति पत्नी के बीच का विश्वास नहीं तोड़ना चाहिए। विवाह से दो शरीर एक आत्मा हो जाते हैं। दोनों परिवारों का नाम रोशन करें। सुख और शांति पूर्वक रहें। स मेलन में 430 विवाह और 40 निकाह संपन्न हुए।

# मु यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन महामंत्री ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए

भोपाल। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय के सामने स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी सहित पार्टी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया। जिसके पश्चात् प्रदेश कार्यालय प्रांगण में स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**डॉ. मुखर्जी के आदर्शों पर चल रही सरकारः शिवराज सिंह चौहान**

इस दौरान मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज ऐसे सपूत को श्रद्धांजलि देने हम यहां एकत्रित हुए हैं जिनके संकल्प से कश्मीर से धारा-370 हटी। डॉ. ध्यामा प्रसाद मुखर्जी मौलिक चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जीवन मूल्यों के संस्कारित पुजारी थे। उन्होंने ही भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी, आज हम सबको यह कहते हुए प्रसन्नता है कि डॉ. मुखर्जी ने कश्मीर से धारा-370 हटाने को लेकर जो बलिदान दिया था, भारतीय जनता पार्टी की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सरकार के नेतृत्व मे उस संकल्प को पूरा किया है। कश्मीर से धारा-370 हटी है। अब मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनंसघ की स्थापना जिन आदर्शो के लिए हुई थी, उन एक-एक आदर्शो व सपनों को पूरा किया जा रहा है। डॉ. मुखर्जी हमारे आदर्श हैं और उनके बताए हुए मार्ग व आदर्शो पर ही भाजपा की केन्द्र और प्रदेश की सरकार चल रही है और उनके सपनों को पूरा करने का काम कर रही है।



**डॉ. मुखर्जी का एक-एक सपना हो रहा साकारः विष्णुदत्त शर्मा**

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज हम यहां डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर एकत्रित हुए हैं और उन्हें श्रद्धा के सुमन अर्पित किए हैं। यह वर्ष हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। डॉ. मुखर्जी ने कश्मीर से धारा-370 हटाने को लेकर जो संकल्प लिया था और उद्योग मंत्री पद से इस्तीफा देकर जेल गए थे एवं वहीं पर उनका बलिदान हुआ था, आज वह संकल्प पूरा हुआ है। आज हम सबके लिए गौरव है कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान जिस संकल्प को लेकर हुआ था वह संकल्प प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में पूरा हुआ है और कश्मीर से धारा-370 खत्म हो गई है। आज उनका पूरा संकल्प साकार हो रहा है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता व जनमानस उन्हें याद कर रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में यह संकल्प है कि जो हम नारा लगाते थे कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वो कश्मीर हमारा है, वो सारा का सारा है। यह संकल्प भी जल्द पूरा होगा।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री आलोक शर्मा, श्री कांतदेव सिंह, श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश महामंत्री श्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मंत्री श्री रजनीश अग्रवाल, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष अग्रवाल, सांसद श्री अजय प्रताप सिंह, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, श्रीमती कृष्णा गौर, महापौर श्रीमती मालती राय, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अभियान के प्रदेश संयोजक श्री विजय दुबे, कौशल एवं रोजगार विकास निगम के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शर्मा, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री दर्शन सिंह चौधरी, श्री तपन भौमिक, प्रवक्ता श्री नरेंद्र सलूजा, पूर्व सांसद श्री आलोक संजर, श्री सुरेन्द्र शर्मा, श्री अभय प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष श्री सुमित पचौरी, बीडीए उपाध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल, श्री सुनील पाण्डे, श्री किशन सूर्यवंशी, श्री राहुल राजपूत, श्री रविन्द्र यति, श्री सतीश विश्वकर्मा, श्री राजेन्द्र गुप्ता, श्री शाहबर आलम सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# घोटाले बाज कांग्रेस को भ्रष्टाचार पर भाषणबाजी शोभा नहीं देता - आलोक

सिवनी यशोः- आजादी के बाद से देश में लंबे समय तक कांग्रेस का शासन रहा परंतु कांग्रेस ने केवल देश को लूटने का काम किया जनकल्याण और विकास की सोच के साथ कांग्रेस ने शासन नही किया देश को घोटाले , भ्रष्टाचार दंगो के नाम पर बदनाम करने का काम किया आज कांग्रेस की जो दुर्दशा है वह उसके कर्मो का परिणाम है जबकि भारतीय जनता पार्टी के सरकारों ने अल्प कार्यकाल में विकास और जनकल्याण के ऐतिहासिक काम करते हुये जनता का विश्वास जीता है आज पूरे विश्व में देश का गौरव बढ़ा है जिसे देश की जनता देख रही है । मध्यप्रदेश के कांग्रेस के शासन में कितने बुरे हाल थे इसे जनता अभी भूली नहीं है प्रदेश में न सड़के थी न बिजली न पीने का पानी गरीबी और भूखमरी के हालत बना दिये थे प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री को जनता मिस्टर बंटाढार के नाम से जानती है इस स्थिती को भाजपा की कल्याणकारी सरकार ने तेजी से बदलने के लिये पूरी ताकत लगा दी और आज प्रदेश खुशहाली की हिलोरे ले रहा है । कांग्रेस भ्रष्टाचार का पर्याय है। कांग्रेस नेताओं को भ्रष्टाचार पर बोलना शोभा नहीं देता। संवेदनशील भाजपा सरकार पंडित दीन दयाल उपाध्याय डां. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा अटलजी के सपनों को साकार कर रही।

उक्ताशय की बात भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी के माध्यम प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कही । श्री दुबे ने अपनी विज्ञप्ति में कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस नाता बड़े बडे घोटालों से रहा है जिसका ल बा इतिहास है। देश में अब तक करीबन 250 से ज्यादा घोटले हुऐ है और इनसे कांग्रेस का सीधा संबंध रहा है । जीप खरीदी (1948) आजादी के बाद कांग्रेस सरकार ने एक लंदन की कंपनी से 2000 जीपों को सौदा किया। सौदा 80 लाख रुपये का था। घोटाले में ब्रिटेन में मौजूद तत्कालीन भारतीय उच्चायुक्त वी.के. कृष्ण मेनन का हाथ होने की बात सामने आई। लेकिन 1955 में केस बंद कर दिया गया। यही नहीं साइकिल आयात, मुंध्रा मैस, तेजा ऋण, मारुति घोटाला सहित बोफोर्स घोटाला जो 1987 में एक स्वीडन की कंपनी बोफोर्स एबी से रिश्वत लेने के मामले में राजीव गांधी समेत कई बेड़ नेता फंसे। सिं योरिटी स्कैम जो 1992 में हर्षद मेहता ने धोखाधाड़ी से बैंको का पैसा स्टॉक मार्केट में निवेश कर दिया, जिससे स्टॉक मार्केट को करीब 500 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। ऐसे कांग्रेस सरकार में अनेक घोटाले हुए है। मनमोहन सरकार के समय देश में हर दिन नये नये घोटालो के समाचार समाचार पत्रों की सुर्खियाँ होते थे देश इन कांग्रेसी करतूतो से शर्मिंदा होता था । आज भी घोटालो के सरदार के कांग्रेस के मुखिया बने बैठे है और पूरा परिवार जनमानत पर है ।

***भाजपा सरकार ने गरीबों के जीवन को बदलने का काम किया***

भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने कहा प्रदेश की जनता ने 2003 के पहले का मध्यप्रदेश देखा है। दिग्विजय सिंह ने प्रदेश का बंटाढार कर दिया था। उसके बाद के 15 वर्षो में भाजपा की सरकारों ने प्रदेश को बीमारू राज्य की श्रेणी से निकालकर विकसित राज्य बनाया। चाहे उमा भारती जी की सरकार हो, बाबूलाल गौर जी की सरकार हो या फिर शिवराज जी की सरकार, हमारी सरकारों ने गरीबों के जीवन को बदलने का काम किया। लेकिन झूठ, छल-कपट के बल पर सत्ता में आई कमलनाथ की सरकार ने भी प्रदेश को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जनहित की सारी योजनाएं बंद कर दी। गरीबों से उनका हक छीन लिया। वल्लभ भवन को दलालों का अड्डा बना दिया था और प्रदेश को भ्रष्टाचार में डुबा दिया था। बीते तीन सालों से प्रदेश में फिर भाजपा की सरकार है और प्रदेश एक बार फिर विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

***हर वर्ग के लिए, हर क्षेत्र में काम कर रही**



**हमारी भाजपा सरकार***

श्री दुबे आगे कहा कि हमारी संवेदनशील सरकार लोगों की परेशानियों को समझती है और हर वर्ग की समस्याओं को दूर करने के लिए जीवन के हर क्षेत्र में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने कोरोना संकट के समय के 80 लाख घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल माफ कर दिए हैं। बच्चों के विकास और कल्याण के लिए हमारी सरकार ने पहली बार अलग से चाइल्ड बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं के लिए नगरीय निकायों में आरक्षण दिया है साथ ही यह तय किया है कि शिक्षकों की नौकरी में बहनों को 50 प्रतिशत आरक्षण मिले। पुलिस की भर्ती में हमने बेटियों को 30 प्रतिशत आरक्षण दिया है। मु मंत्री कल्यादान योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना बालिका समृद्धि योजना, अनेक तरह की छात्राओं को स्कारशिप योजनाओं एवं लाड़ली बहना योजना के माध्यम मातृशक्ति को सशक्त बनाने का काम किया है । हमारी सरकार ने संबल योजना फिर शुरू कर दी है।

***कमलनाथ सरकार ने छीना गरीबों का हक, शिवराज सरकार ने लौटाया***

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्रीजी ने अंत्योदय को साकार करने के लिए हर गरीब को घर उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लेकिन 15 महीने की कमलनाथ सरकार ने दिग्विजयसिंह के इशारे पर यह कहकर 1.34 लाख प्रधानमंत्री आवास लौटा दिए कि हमारे पास मेचिंग ग्रांट नहीं है। मुझे गर्व है कि शिवराज सरकार ने कोरोना संकट में भी प्रधानमंत्री आवास का काम तेजी से किया और आने वाली 29 मार्च 2022 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मु यमंत्री श्री शिवराज जी प्रदेश के 5 लाख लोगों को उनके नए घर में गृह प्रवेश कराएंगे। कमलनाथ सरकार ने लाडली लक्ष्मी, मु यमंत्री कन्यादान, तीर्थदर्शन योजना समेत गरीब कल्याण की तमाम योजनाएं बंद कर दी थीं। हमारी सरकार ने कोरोना की चुनौती को अवसर में बदला और आज प्रदेश 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' और 'स्वर्णिम मध्यप्रदेश' के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है।

## नारी स मान योजना के प्रभावी प्रचार प्रसार के लिये कांग्रेस ने नियुक्त किये प्रभारी

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ जी के निर्देशानुसार, नारी स मान योजना का प्रभावी रूप से प्रचार प्रसार हेतु जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा सिवनी विधानसभा का प्रभारी सुधीर जैन, ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिवनी शहर विष्णु करोसिया, ब्लाक कांग्रेस कमेटी चमारी प्रभातसिंह ठाकुर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी बखारी सुरेन्द्रसिंह ठाकुर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी बंडोल अमित बघेल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिवनी ग्रामीण अशोक सिरसाम, ब्लाक कांग्रेस कमेटी मुंगवानीकलां उदयसिंह बघेल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी गोपालगंज कमलेश सनेडिया को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

श्री खुराना ने नारी स मान योजना के प्रभारियों से आशा व्यक्त की है कि सिवनी विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक कांग्रेस एवं मंडलम, से टर, बूथ एवं बीएलए से स पर्क स्थापित कर नारी स मान योजना के प्रचार प्रसार में व्यापक तेजी लाने एवं इस महत्वपूर्ण योजना को शतप्रतिशत पूर्ण कराने में अपने दायित्वों का निर्वाहन करें।

## बलिदान दिवस पर वीरांगना दुर्गावती को श्रद्धासुमन अर्पित किये कांग्रेस अध्यक्ष खुराना ने

सिवनी यशोः- वीरांगना रानीदुर्गावती जी के बलिदान दिवस के अवसर पर कचहरी चैक में स्थापित प्रतिमा पर जिला कांग्रेस कमेटी



अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा माल्यार्पण किया गया उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी रानीदुर्गावती अमर रहें के गगन भेदी नारे लगाये गये। इस अवसर पर असलम खान, सेवकराम चन्द्रवंशी, पवन दिवाकर, सुरेन्द्र करोसिया, एड. पंकज शर्मा, देवीसिंह चैहान, विष्णु करोसिया, राजिक अकील, राजेश मानाठाकुर, सुमित मिश्रा, देवधर से सेना, सलाम कुरैशी, डालचंद पुसाम, विनोद पुरोहित, विपिन यादव, प्रमोद यादव, मुबारक खान, गेंदलाल भलावी, विनोद नाग, ध्रुवनारायण चैधरी, डा. एस बाबू राव, अभिषेक सोनी, जिब्राईल अंसारी, एड. शाहिद रज, टिकेन्द्र देशमुख, ठाकुरसिंह डहेरिया, सुजीत गोदरे, नितिन बघेले, आसिफ इकबाल, धनंजय सिंह सांध्य, श्रीमति विमला ठाकुर, श्रीमति सुनीता वर्मा, श्रीमति पवनरेखा रिनायत, श्रीमति ललिता बघेल, अंशुल अवस्थी, मिर्जा फैसल बेग, विनोद नाग, शफीक खान सहित बडी सं या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

## रोजगार मेले में 126 आवेदकों ने अपना पंजीयन कराकर मेले में भाग लिया

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में, जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 23/06/2023 स्मृति लॉन, बाहुबली चौक जिला सिवनी में एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया । उक्त मेले में निजी क्षेत्र की 10 विभिन्न क पनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में 126 आवेदकों नें अपना पंजीयन कराकर मेले में भाग लिया। रोजगार मेंले में विभिन्न क पनियों द्वारा 92 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया उक्त मेलें मे प्रारंभिक रूप से विश्वास रि रूमेंट द्वारा 12, टेंगो सि. प्रा. लि. द्वारा 07, अंबुजा सीमेंट द्वारा 10, सेफ शॉप द्वारा 10 , एल एंड टी कंपनी द्वारा 09 , नवकिसान द्वारा 10 , जेड सि यूटी द्वारा 11 , एम आई लाइफ मार्केटिंग द्वारा 11, एन एन प्लेसमेंट द्वारा 07 एवं एल आई सी सिवनी द्वारा 05, आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिला स्तरीय रोजगार मेले मे उपस्थित कंपनीयों द्वारा सुरक्षा गार्ड, ट्रेनीज, सहायक, काल सेंटर, फील्ड वर्कर, मशीन आपॅरेटर, पर्यवेक्षक, क प्यूटर आपॅरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की गई। रोजगार मेले मे जिला रोजगार अधिकारी, शासकीय महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं प्राचार्य आईटीआई, उपस्थित रहें।

## कले टर ने ली बीएलओ तथा सुपरवाईजर्स की बैठक

मंडला यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के संबंध में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने डाईट सभाकक्ष में बीएलओ तथा सुपरवाईजर्स की बैठक ली। उन्होंने कहा कि कले टर ने निर्देशित किया कि बीएलओ एवं सुपरवाईजर अपने क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत या बाहर जा चुके मतदाताओं के नाम काटने तथा संशोधन आदि की कार्यवाही निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें।

कले टर डॉ. सिडाना ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के



दौरान 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अ टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नए मतदाता के नाम जोड़ने की कार्यवाही भी करें। सभी बीएलओ तथा सुपरवाईजर प्रत्येक मतदान केन्द्रों का भ्रमण करें तथा उनमें प्रकाश, बिजली, पेयजल आदि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी एकत्र कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जो मतदान केन्द्र भवन जर्जर हैं, उन्हें बदलने के प्रस्ताव जमा करें। बैठक में एसडीएम पुष्पेन्द्र अहके, तहसीलदार कमल सिंहसार सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## पैसे डबल करने के च कर में फंसे लोग,लाखों की धोखाधड़ी

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के बरघाट थाना अंतर्गत धारना कला गांव में कई युवाओं के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।

**एस पी ने बरघाट थाने को दिये आवश्यक निर्देश**

जहाँ नेटवर्किंग कंपनी द्वारा थर्डपार्टी एप के माध्यम से राशि निवेश कराई गई। वहीं कुछ लोगों को कंपनी ने मुनाफे के तौर पर रकम लौटाई। लेकिन जब कंपनी में कई लोगों ने एक साथ बड़ी रकम निवेश की तो कंपनी ने पैसे लौटाना बंद कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनी के बरघाट में थर्डपार्टी एप जीएसए ग्लोबल सी फुडस एलियन नेटवर्किंग क पनी द्वारा युवाओं के साथ झींगा पालन में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी की गई। बताया जा रहा है कि क पनी द्वारा व्हाट्सएप पर एप की लिंक भेज कर युवाओं से रुपए दोगुना करने दावा किया। वही झांसे में आकर बरघाट क्षेत्र के कई युवाओं ने एप के माध्यम से अपने लाखों रुपए निवेश कर दिए। कंपनी ने पहले कुछ लोगों को मुनाफा दिया। लेकिन अब कई युवाओं को उनके द्वारा निवेश की गई रकम वापिस नहीं मिल रही है। जिसके बाद कई युवाओं ने सिवनी एसपी के पास पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज की है। इस मामले में एसपी रामजी श्रीवास्तव ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच के निर्देश बरघाट थाने की पुलिस को दे दिए हैं। जहाँ पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर सूक्ष्मता से जाँच की जा रही है।

# वर्षों से जमे उपयंत्री दे रहे भ्रष्टाचार को बढ़ावा

छपारा यशोः-जनपद पंचायत छपारा जिला की एकमात्र ऐसी जनपद है जहां ग्राम पंचायतों

***छपारा जनपद का मामला***

में पंचायत एजेंसी की आड़ में ठेकेदार निर्माण कार्यो को अंजाम देते हैं ग्राम पंचायतों में हो रहे निर्माण कार्यो जिसमें मनरेगा योजना अंतर्गत बनाए जाने वाले चेकडैम, तलाव एवं ग्रेबल रोड इन कार्यो की गुणवत्ता के विपरीत जाकर उपयंत्री मूल्यांकन करते देखे जा सकते हैं कार्यो की गुणवत्ता और खर्च का आकलन किया जाए तो यह सामने आएगा कि 15 लाख के चेकडैम महज 5 से 6 लाख की राशि खर्च कर तैयार हो रहे हैं और उपयंत्री घटिया कार्यो के की स्वीकृत राशि के आधार पर पूर्ण मूल्यांकन कर रहे हैं इस तरह निर्माण कार्य कार्यो में होने वाले भ्रष्टाचार में उपयंत्री और पंचायत सचिव का अहम रोल माना जा सकता है

***सचिव, उपयंत्री की सांठगांठ से ठेकेदार कर रहे घटिया निर्माण कार्य***

ग्राम पंचायत लड़की में बन रहे चैकडेम में घटिया मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है चैकडेम 8 से 10 फीट चौड़ाई वाले नाला में



मनाया जा रहा है जहां ठेकेदार ने जेसीबी मशीन से नाला को खोदकर बड़ा दिखाने का प्रयास किया है चेकडैम की साईड वाल की गहराई मात्र 2 फीट की गई हैं जिसमें घटिया मैटेरियल भरकर काम किया जा रहा है यह सब उपयंत्री और ग्राम पंचायत सचिव प्रकाश भलावी की शह पर ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है लेकिन बड़े फायदा की लालच में निर्माण की गुणवत्ता की अनदेखी करने में उपयंत्री का सबसे बड़ा योगदान माना जा सकता है

***पत्थर भरकर बना रहे 15 लाख का चैकडेम***

ग्राम पंचायत लुड़गी में बनाए जा रहे चेकडेम निर्माण में रेत गिट्टी के साथ वोल्डर पत्थर का प्रयोग किया जा रहा है `योंकि चेकडैम का निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है और पंचायत एजेंसी सचिव व उपयंत्री मोटी कमीशन के चलते मूकदर्शक बने हुए हैं यदि लुडगी पंचायत में बन रहे हैं चेकडैम की वाल तोड़ कर देखा जाए तो भारी मात्रा में पत्थर बोल्डर मिल सकते हैं इस तरह घटिया मटेरियल का प्रयोग कर शासन की योजना से बनने वाले निर्माण कार्यों मैं सचिव और उपयंत्री पलीता लगा रहे हैं

***मजदूरी भुगतान के नाम पर होता है बड़ा खेल***

मनरेगा योजना अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यो जिसमें चेकडैम, पुलिया, तलाव, ग्रेवल रोड में मजदूरों के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार भी किया जाता है ज्ञात हो कि 15 लाख की लागत से बनाए जाने वाला चेकडैम मात्र तीन से चार लाख का मटेरियल ही खर्च होता है उसके बाद मजदूरी भुगतान जिसमें ठेकेदार अपने चिर परिचित स्थाई मजदूरों के नाम पर मजदूरी भुगतान करवा कर राशि आहरण करता है ग्राम पंचायत में 60¬40 का अनुपात अन्य कार्यो से निकाला जाता है यदि चैकडेम में लगाए गए मजदूरों की हाजरी मास्टर की जांच हो जाए तो पता चलेगा कि चैकडेम निर्माण में लगे ठेकेदार के स्थाई मजदूरों के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान किया गया है यह एक पंचायत में नहीं होता सभी पंचायतों में लगभग सीमित निर्धारित मजदूरों के नाम पर भुगतान होता है इस तरह मजदूरी भुगतान पर भी ठेकेदार द्वारा बड़ा भ्रष्टाचार किया जाता है

***एक ही स्थान पर वर्षो से सेवा दे रहे उपयंत्री***

जनपद पंचायत छपारा में सेवा दे रहे उपयंत्री करीब 8 से 10 वर्षो से अधिक समय से कार्यरत हैं इन उपयंत्रीयो का ठेकेदार से मेलजोल का संबंध स्थापित हो चुका है छपारा जनपद के सरकारी उपयंत्री ठेकेदारों के ऑफिस में बैठकर निर्माण कार्यो का मूल्यांकन तैयार करते व एमबी बनाते भी देखे जा सकते हैं जैसा ठेकेदार चाहता है वैसा कार्यो का मूल्यांकन होता है जिसके एवज में उपयंत्री को निर्धारित कमीशन दिया जाता है

***कमीशन के आधार पर तैयार होते कार्य के मानक***

ग्राम पंचायत में कराए जाने वाले कार्यो में उन्हीं कार्यो को प्राथमिकता दी जाती है जिसमें बड़ा भ्रष्टाचार किया जा सके `योंकि घटिया कार्यो में सब को निर्धारित प्रतिशत के आधार पर कमीशन फि स रहता है और उसी आधार पर पंचायत एजेंसी सरपंच सचिव कार्य का प्रस्ताव स्वीकृति देते हैं और फिर एसडीओ जिलाई तकनीकी स्वीकृति जारी करते हैं उपयंत्री भी कमिशन के आधार पर मूल्यांकन करता है जब उपयंत्री को निर्धारित कमीशन प्राप्त होता है तो घटिया कार्य का शत-प्रतिशत मूल्याकंन किया जाता है अंत में कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र के लिए एसडीओ की कलम चलती है इस तरह घटिया निर्माण कार्य को हर स्तर पर सही बताने के लिए लाखों रुपए की बंदरबांट की जाती है

*** भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व में हो चुकी है सचिव प्रकाश पर कार्यवाही***

ग्राम पंचायत लुडगी में पदस्थ सचिव प्रकाश भलावी पूरे जनपद में चर्चित व्यक्ति हैं जिस पर पूर्व में भी भ्रष्टाचार के मामले में जिला और जनपद के अधिकारियों द्वारा निलंबन की कार्यवाही की जा चुकी है उसके बाद भी सचिव ने अपनी आदतों पर सुधार ना लाते हुए पंचायत में घटिया निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है यदि लुडगी के स्टापडेमों निर्माण कार्यो की जांच जिला स्तर की तकनीकी टीम द्वारा कराई जाती है तो एक बड़ा भ्रष्टाचार सामने आ सकता है लुडगी पंचायत के ग्राम वासियों ने ग्राम में हो रहे निर्माण कार्य की जांच किए जाने की मांग की है अब देखना यह है घटिया चेक डैम निर्माण पर जिला स्तर पर बैठे अधिकारी किस स्तर की जांच करते हैं

## ग्राम साजपानी में गौरव यात्रा का हुआ आत्मीय स्वागत

**ग्राम साजपानी में स्थापित होगी रानी दुर्गावती की भव्य प्रतिमा**

सिवनी यशोः- शौर्य और स्वाभिमान की प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती की गौरव यात्रा के सिवनी जिले के ग्राम साजपानी पहुंचने पर स्थानीय जनों द्वारा डोल बाजों के साथ भव्य आत्मीय स्वागत किया गया। यहां यात्रा प्रभारी एवं बैतूल सांसद श्री दुर्गादास उईके एवं क्षेत्रीय विधायक श्री राकेश सिंह पाल ने खेड़ापति मंदिर पंहुचकर माता खैरमाई की पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया तथा खैरमाई मंदिर प्रांगण के समीप ग्रामीण जनों की उपस्थिति में रानी दुर्गावती की प्रतिमा की स्थापना के लिए भूमि पूजन किया गया।

यात्रा प्रभारी एवं सांसद बैतूल श्री उइके द्वारा गौरव यात्रा के असीम आत्मीय स्वागत के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनजातीय भाई - बहनों का हृदय से आभार प्रकट किया गया। उन्होंने रानी दुर्गावती की गौरव गाथा तथा उनके द्वारा देश, समाज एवं महिलाओं रक्षा के लिए किए गए कार्यो से उपस्थित जनों को अवगत कराया। उद्बोधन के क्रम में क्षेत्रीय विधायक श्री पाल ने उपस्थित जनसमुदाय को केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यो से अवगत कराया। उन्होंने रानी दुर्गावती की भव्य प्रतिमा स्थापना एवं चौक निर्माण के लिए 5 लाख रुपए राशि देने की बात कहते हुए तत्काल 2 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सुदामा बाई धुर्वे, पूर्व विधायक श्री डालसिंग मर्सकोले सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्व सहायता समूह की महिलाओ एवं बड़ी सं या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

पृष्ठ 01 का समाचार ----------------

## महाकाल लोक में हुये भ्रष्टाचार की.............

निर्माणधीन नहरों की निष्पक्ष जांच करायी जाए।

धरने को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, म.प्र.कांग्रेस कमेटी के वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एस.पी.एस. तिवारी, एड. पंकज शर्मा, श्याम अग्रवाल, असलम खान, जेपीएस तिवारी, राजा बघेल, अ तर खान, विष्णु करोसिया, ठा. खुमानसिंह, राजिक अकील, श्रीमति सुयोगिता से सेना, श्रीमति ललिता बघेल, श्रीमति सुनीता सनोडिया, अनीस खान, दिनेश ठाकुर, विनोद यादव, हुकुमचंद सनोडिया, आसिफ इकबाल ने धरना प्रदर्शन को स बोधित किया।

आयोजित इस धरना प्रदर्शन में सर्वश्री जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेशसिंह बघेल, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सेवकराम चन्द्रवंशी, सुरेन्द्र करोसिया, विजय नाहटा, आनंद पंजवानी, गुलाब साहू , योगेन्द्र श्रीवास्तव, गौरवसिंह यादव, रमनलाल यादव, देवीसिंह चैहान, दादू निखिलेन्द्रनाथ सिंह, भुवनेश्वर शु ला, प्रशांत यादव, विपतलाल उइके, ठा. वीरेन्द्रराज सिंह, तेजसिंह रघुवंशी, ठा. जयकेशसिंह, नीलकंठ बाहेश्वर, अमित डागोर, राजेश मानाठाकुर, सतीश सरयाम, डां. एस बाबूराव, सुमित मिश्रा, देवधर से सेना, मदन से सेना, संतोष पंजवानी, मुकेश चीकू से सेना, पंकज बाउसकर, विपिन यादव, प्रमोद यादव, रंजीत यादव, शिव सनोडिया, प्रवेश बाबू भालोटिया, आदित्य मोन्टू भूरा, मुबारक खान, अशोक सिरसाम, एड. शाहिद रज, शिबू सेंगर, जोऐब जकी अनवर खान, विनोद यादव, सलाम कुरैशी, प्रहलाद चैहान, शक्तिसिंह जाडेजा, तबरेज खान, डालचंद पुसाम, रामकिशोर बघेल, मिर्जा फेसल बेग, सरदारसिंह बघेल, टिकेन्द्र देशमुख, सुजीत गोदरे, नितिन बघेले, दिलीप दयारामानी, अ.वसी पटेल, ठाकुरसिंह डहेरिया, जितेन्द्र बघेल, श्रीमति विमला ठाकुर, एड. शीरी अफरोज खान, श्रीमति पवनरेखा रिनायत, श्रीमति नीतू, जय महोबिया, गेंदलाल भलावी, ध्रुवनारायण चैधरी, जिब्राईल अंसारी, इब्राहिम खान, लाईक पटेल, आबिद हुसैन, रहीम शाह, मयूर चैरसिया, विजय गोलू चैरसिया, संदीप चैहान, संजय जंघेला, फिरोज कुरैशी, मो. सलीम पत्ते वाले, रतिराम सनोडिया, अभिषेक सोनी, कपिल खान, अंकित सिंह ठाकुर, जयप्रकाश यादव, शफीक खान, दीपक बघेल, शैलेन्द्र हरिन्द्रवार, नारायणसिंह बघेल, रामानसिंह बघेल सहित जिले भर से जिला कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस, मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ कें पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बडी सं या में उपस्थिती रही।

## पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ ने किया मण्डला जिले की जनता का अपमान -संजय कुशराम

### मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चैहान ने लिखी विकास की इबारत

### भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई प्रेस वार्ता

मण्डला यशोः- पूर्व मु यमंत्री श्री कमलनाथ अपने मण्डला प्रवास के दौरान पत्रकार वार्ता में मण्डला को मफियाओं और अपराधियों का गढ़ कहा है यह मण्डला जिले की जनता का सीधा अपमान है। मण्डला गौड़ साम्राज्य का गढ़ रहा है मण्डला शांति और सांस्कृतिक समृद्धि का गढ़ वर्षो से रहा है लेकिन कांग्रेस के नेता कमलनाथ ने मण्डला जैसे शांतिप्रिय क्षेत्र की जनता का अपमान कर अपने मंसूबे कभी पूरे नहीं कर सकते यह बात आज जनजातीय मोर्चे के प्रदेश मंत्री जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने आयोजित पत्रकार वार्ता में व्यक्त किया इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार, नगर अध्यक्ष अनुराग चैरसिया उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कुशराम ने कहा कि यदि मण्डला अपराध का और माफियों का गढ़ है तो उनकी पार्टी और विधायक चुप यों रहते हैं? मण्डला जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है, यहां माफिया और अपराध जैसे कृत्यों से जनजातीय समाज बहुत दूर रहता है लेकिन कांग्रेस के नेता कमलनाथ ने अपना बयान देकर जनजातीय समाज का भी अपमान किया है। इसकी कीमत उन्हें चुकानी पड़ेगी।

### मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चैहान ने लिखी विकास की इबारत

प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने मध्यप्रदेश के विकास के साथ जनजातीय समाज की संस्कृति विरासत एवं जनजातीय समाज के महापुरूषों की विरासत को संजोने का कार्य किया है। भाजपा सरकार ने जनजातीय क्रांतिवीरों योद्धाओं महानायकों स्वतंत्राता संग्राम सेनानियों की वैभवशाली स्मृतियों और इतिहास को देश भर में पहुंचाने का कार्य किया है जनजातीय समाज भाजपा सरकार के योगदान से गौरवान्वित महसूस कर रहा है। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने गांव गरीब पिछड़े शोषित वंचित आदिवासी, किसान, मातृशक्तियों, युवाओं के विकास के लिए नयी इबारत लिखी है। प्रदेश सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग का नागरिक आर्थिक रूप से सुदृढ़ हुआ हैं तथा गांव में सभी प्रकार के प्राथमिक आवश्यकताओं की पूर्ति सरकार ने संकल्प के साथ पूरा किया है। आज मध्यप्रदेश अन्य राज्यों की तुलना में विकास में बहुत आगे है। कृषि उत्पादन नये उद्योग, बेहतर शिक्षा, नये मेडिकल कॉलेज, नेशनल एंव स्टेट हाईवे, रेल कनें टवटी, विद्युत उत्पादन मे निरंतर प्रगति कर रहा है।

### 15 महीने की सरकार में कमलनाथ ने गरीबों के अधिकारी छीने

जिला पंचायत अध्यक्ष कुशराम ने कहा कि 15 महीने के लिए बनी कांग्रेस सरकार में कमलनाथ जी ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभाव से बंद कर दिया और गरीबों का हक छींना। कांग्रेस सरकार के समय प्रदेश कर्ज में डूबा और 15 साल पीछे चला गया प्रदेश में भ्रष्टाचार और ट्रांसफर उद्योग चरम पर था। किसान, जनजातीय समाज और महिलाओं, युवाओ के हित में कोई भी निर्णय नहीं लिया गया। प्रदेश में अराजकता और अपराध की स्थिति निर्मित हुई अनेक स्वीकृत परियोजनाएं ठंडे बस्ते पर पड़ी हुई हैं, अब नारी स मान योजना के नाम से प्रदेश में झूठ फैलाने का काम कांग्रेस कर रही है जबकि प्रदेश की भाजपा सरकार ने लाड़ली बहना योजना के माध्यम से सीधे महिलाओं के खाते में राशि पहुंचाकर नारियों का स मान किया है।

# कांग्रेस सरकार बनने पर पुरानी पेंशन होगी लागू, ओबीसी को 27% आरक्षण मंडला में बोले कमलनाथ

मंडला यशोः- प्रदेश में पाँच माह बाद विधानसभा के चुनाव होने वाले है प्रदेश के मु यमंत्री घोषणा मशीन की तरह कर रहे है और मनमाने भूमिपूजन दुगनी स्पीड से कर रहे है जनता के कल्याण के लिये मनमानी घोषणाएँ कर रहे है उन्हें अब महिलाओं को सशक्त बनाने की याद आ रही है नवजवानों की याद आ रही है किसानाों की याद आ रही है । वह केवल झूठ बोलकर सत्ता पुनः हथियाना चाह रहे है । जनता की भलाई कांग्रेस ही कर सकती है और हम घोषणा कर चुके है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते है हम 500




रुपए में गैस सिलेंडर देंगे। महिलाओं को 1500 रुपए हर महीने देंगे। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देंगे। 100 यूनिट बजली माफ, 200 यूनिट हाफ देंगे। ये हमारा वादा है। हम पिछड़ वर्ग को 27त्न आरक्षण देंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने यह बात शनिवार को अपने मंडला प्रवास के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुये कही ।

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष श्री नाथ ने जनसभा को संबोधित करने से पूर्व कार्यकर्त्ताओं की बैठक ली। इसमें कमलनाथ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष से कहा कि मैं देख रहा हूं, यहां कोई कोई कांग्रेस का बैच नहीं पहने है। कार्यकर्ताओं को दिए नहीं या। आप भोपाल से मंडलम से टर के बैच बुलाइए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि ये जो बैच मिलेगा, याद रखिएगा जब कांग्रेस की सरकार बनेगी तब ये मंत्रालय में आने का गेट पास होगा। आपके मन में भी एक बात है कि हम काम तो करते हैं पर चुनाव खत्म हो जाता है तो हमें कोई नहीं पूछता। इस पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि सही बात है। ये हमारे मन की बात है। कमलनाथ बोले- आप चाहते ` या हैं आप स मान और पहचान चाहते हैं। आज मैं खासकर नेताओं को कहना चाहता हूं कि इनका मान स मान बना रहे, जितना आपका अधिकार होगा मंत्रालय में उतना कार्यकर्ताओं का भी होगा।

कार्यकर्त्ताओं की बेठक के बाद कमलनाथ ने जन सभा को संबोधित करते हुये कहा कि प्रदेश में 18 साल से भाजपा की चौपट सरकार चल रही है। प्रदेश की व्यवस्थाएँ चौपट हो गयी है, यह आरोप पूर्व सीएम कमलनाथ ने मंडला में सभा के दौरान लगाए। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश की संस्कृति पर हमला हो रहा है। मणिपुर में आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है।

कमलनाथ ने कहा कि पंजाब में खालिस्तानी और तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विवाद हो रहा है। प्रदेश में यूथ बिना काम के किसान बिना दाम के शिवराज जी आप किस काम के। श्री नाथ ने कहा कि मैं ये पूछना चाहता हूं कि शिवराज जी आपने प्रदेश की जनता को` या दिया तो पाता हू कि आपने बेराजगारी दी, महंगाई दी। आपने भ्रष्टचार दिया। श्री नाथ ने कहा कि भाजपा ने इस प्रदेश को देश का सबसे भ्रष्ट प्रदेश बना दिया है। यहां पैसे दो काम हो जाएगा। प्रदेश में माफिया राज चल रहा है और आदिवासियों पर अत्याचार हो रहे । पूरा प्रदेश शराब माफियाओं के कब्जे में है वे घर घर शराब पहुँचा रहे है ।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी। 15 में से ढाई महीने चुनाव में गए। साढ़े 11 महीने में आदिवासियों के लिए कई कामों की शुरुआत की। उन्होंने मंडला जिले से हो रहे पलायन पर चिंता व्यक्त की और भाजपा को आड़े हाथों लिया । उन्होंने बेरोजगार नौजवानो के संबंध में भी भाजपा को कोसा और कहा कि नौजावान रोजगार पाने के लिये तडफ रहा है । शिवराजजी केवल घोषणा करते हैं परंतु मैं कहता हूं आप अतिथि शिक्षिकों की भर्ती कर लें। खाली पद भर लें। शिवराजजी आप नौजवानों की आवाज नहीं सुन सकते, इनके कान नहीं चलते, हाथ



नहीं चलते। शिवराजजी का मुंह बहुत चलता है। ये घोषणाएं करते जाएंगे और जनता को लुभाएंगें ।

प्रदेश में भ्रष्टाचार की सरकार है

इससे पहले कमलनाथ यहां रानी दुर्गावती स्मारक पहंचे तथा कमलनाथ ने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि दी। सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कमलनाथ ने शिवराज सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्हें इसे शिवराज के बजाय भ्रष्टराज सरकार कहा। पत्रकार वार्ता के बाद कमलनाथ स्टेडियम के नजदीक स्थित सभा स्थल पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक लेने के बाद दोपहर करीब 11:45 बजे जनसभा को संबोधित करने मंच पर पहुंचे। कमलनाथ के आगमन पर कांग्रेसियों में गजब का उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक अंदाज में तीर-कमान और फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। पूर्व सीएम ने यहां कांग्रेस के बूथ मॉड्यूल का विमोचन किया। महाराजपुर हेलीपैड में कांग्रेस पदाधिकारियों ने कमलनाथ का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने लै स और बैनर से मंडला को सजा दिया। विधानसभा के दावेदारों ने कमलनाथ के सामने शक्ति प्रदर्शन करने जगह-जगह पंडाल लगाकर कमलनाथ का स्वागत किया। कार्यक्रम में दिनेश यादव, विधायक नारायण सिंह पट्टा, अशोक मर्सकोले, लखन घनघोरिया, ओंकार सिंह मरकाम, रामू तेकाम सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

### अब कांग्रेस की सरकार बनेगी – घनघोरिया

सभा में पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया ने भी लोगों को संबोधित किया। लखन घनघोरिया ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की लहर है। उन्होंने कहा कि- दायरे में सिमट कर आया है। हर रवायतों से बचकर आया है। आंधियों को खबर कर दो, शेर वापस पलटकर आया है। अब कांगेस के कार्यकर्ताओं को सहने की जरूरत नहीं है। आपका समय आने वाला है। महाकाल लोक में ` या हुआ सबको पता है। जो अफसर भाजपा के कहने पर चल रहे हैं उन्हें कहना चाहता हूं- साख से टूट जाएं हम वा पत्ते नहीं हैं, आंधियों से कह दो अपनी औकात में रहें।

### पुलिसकर्मियों की छुट्टी बंद कर दी कांग्रेस

सभा में बिछिया के विधायक नारायण सिंह पट्टा ने कहा कि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में कुछ लोग पुलिस का गलत उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व सीएम से कहा कि कांग्रेस सरकार में पुलिसकर्मियों को दी जानी वाली सासाहिक छुट्टी को प्रदेश के सरकार ने बंद कर दिया। प्रदेश में पुलिस के कई पद खाली पड़े हैं। सभा को दिनेश यादव, रामू तेकाम, अशोक मर्सकोले ने भी संबोधित किया।

### डिंडोरी विधायक ने कुलस्ते पर साधा निशाना

सभा में डिंडौरी विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आदिवासी दिवस पर गोली चलाई। इसमें एक आदिवासी शहीद हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता बेईमानी की लड़ाई लड़ रहे हैं। आवास के नाम पर सरकार लोगों को कर्जदार बना रही है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री कुलस्ते का नाम लेकर कहा कि आप सुन लीजिए 15 महीने की सरकार में अदिवासियों के लिए कई काम किए। कुलस्ते जी आप कोई काम के नहीं है। क्षेत्र के एक और मंत्री बनाए हैं। जिन्होंने क्षेत्र का गेहूं गायब कर दिया।




## कले टर ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मण्डला विकासखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक शाला रसैयादोना, माध्यमिक शाला पटपरा रैयत एवं कन्या माध्यमिक शाला पौण्डीलिंगा के मतदान केन्द्र भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने भवनों में आवश्यक मर मत तथा रंगाई-पुताई कराने के निर्देश दिये। कले टर ने कहा कि शौचालयों की साफ-सफाई कराते हुये उन्हें क्रियाशील रखें। ड्रिंकिंग वाटर यूनिट को क्रियाशील रखें। बिजली की व्यवस्था बेहतर रखें। प्राथमिक शाला रसैयादोना में बिजली कने शन तत्काल चालू करायें। उन्होंने कन्या माध्यमिक शाला पौण्डीलिंगा पर पुस्तकें अव्यवस्थित पाये जाने संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये।



### मर मत कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखें

भ्रमण के दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं कन्या माध्यमिक शाला पौण्डीलिंगा में किये जा रहे मर मत कार्यों का निरीक्षण करते हुये कार्य को बेहतर गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित शाला के शिक्षक भी मर मत कार्यों में सहयोग करें। विद्यालय भवन को अकादमिक रूप से बेहतर बनायें।

## प्री-मानसून की बारिश ने खोल दी नगरपालिका की पोल

मंडला यशोः- प्री मानसून की बारिश शुरू हो गई है सुबह से शुरू हुई बारिश देर रात तक रूकरूककर जारी रही। वहीं इस बारिश से शहर में जगह-जगह कीचड़ मच गया जिससे आने-जाने वाले वाहन चालक अनियंत्रित होकर गिर रहे थे। जिले में इस वर्ष 1 जून से 23 जून के दौरान 24.8 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 5.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 19.8 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है।

## बार-बार में गुल हो रही बिजली, बिजली कार्यालय का कर्मचारी नहीं उठाते फोन

मंडला यशोः- भले ही बारिश हो रही है लेकिन गर्मी का कहर कम नहीं हुआ है। उस पर बिजली कटौती लोगों के दर्द को कई गुना बढ़ने वाला साबित हो रहा है। कभी भी बिजली गुल हो जाती है। बुधवार की देर रात अचानक शहर की बिजली गुल हो गई, करीब आधा घंटे बाद बिजली आई लेकिन चंद मिनिटों के बाद फिर बिजली गुल हो गई। करीब 12 बजे से बिजली की आंख मिचौली रात करीब ढाई बजे तक जारी है। बिजली गुल होने से सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों की बढ़ जाती है। बुधवार की देर रात भी बिजली गुल होने से छोटे बच्चे हलाकान हो गए।

### फोन उठाने से परहेज


अे सर देखा जाता है कि जब भी बिजली गुल होती है और बिजली विभाग के स्थानीय कार्यालय को फोन कर बिजली गुल होने की सूचना देने या फिर बिजली कब आएगी इसकी पूछताछ के लिए कार्यालय फोन लगाया जाता है तो यहां कर्मचारियों द्वारा फोन का रिसीवर उठाकर रखा दिया जाता है जिससे लगातार फोन व्यस्त ही बताता है। बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं का कहना है कि उनके द्वारा बिजली बिल समय में जमा किया जाता है, बिजली अन्य जरूरतों की तरह मूलभूत सुविधा बन चुकी है फिर भी बिजली विभाग के कर्मचारी उपभोक्ताओं का फोन तक उठाना जरूरी नहीं समझते।

### कॉल सेंटर 1912 से भी नहीं होता समाधान

बिजली से जुड़ी सभी समस्याओं के लिए टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल करने के लिए कहा जाता है, आजाद वार्ड निवासी सिद्धार्थ शु ला ने बताया कि जब आधी रात को बिजली गुल हो गई और स्थानीय बिजली आफिस में कर्मचारियों ने फोन नहीं उठाया तो टोल फ्री नंबर 1912 में बिजली गुल होने का कारण जानने के लिए फोन लगाया तो कॉल सेंटर से बताया गया कि फाल्ट आ गया है सुधार कराया जा रहा है, लेकिन कहां फाल्ट आया है कब तक सुधार होगा इसकी सूचना नहीं होने की बात कॉल सेंटर के अटेंडेंट द्वारा कही गई। इस तरह बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को महिना समास होने के पहले बिजली बिल भेजने में देरी नहीं की जाती लेकिन उपभोक्ताओं को यदि कोई समस्या होती है तो उसका निदान करना तो दूर उपभोक्ताओं की समस्या को सुनने के लिए कोई आसान सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है।

## बिछिया कॉलेज में किया गया योग

भुआ बिछिया यशोः- शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया में 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वधान में 'करो योग रहो निरोग' थीम पर प्राचार्य डॉ राजेश्वरी मरकाम की अध्यक्षता में योगा यास का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी श्री अनूप सिंह परिहार एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी भागो मरकाम एवं सरस्वती धुर्वे द्वारा विभिन्न योगासन एवं मुद्राओं का अ यास समस्त स्टाफएवं विद्यार्थियों को कराया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बताया कि स्वस्थ मन और स्वस्थ शरीर के लिए अति आवश्यक है। हम सभी को अपनी दिनचर्या में सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम को शामिल करना चाहिए। एक स्वस्थ जीवन शैली हेतु योग नितांत आवश्यक हो गया है। क्रीड़ा अधिकारी ने विभिन्न आसनों का अ यास कराते हुए उनकी विशेषताओं एवं लाभों के विषय में भी उपस्थित जनों को जानकारी प्रदान की उन्होंने बताया कि प्रत्येक शारीरिक एवं मानसिक समस्या के लिए विभिन्न प्रकार के योग आसन एवं मुद्राएं हैं जिनके निरंतर अ यास से हम उन बीमारियों एवं समस्याओं



से निजात पा सकते हैं। आज के दूषित वातावरण में एक योग ही ऐसा माध्यम है जिससे हम अपने शरीर और मन को स्वस्थ बना सकते हैं प्राचीन काल से भारतीय संस्कृति में योग का स्थान अत्यंत ही महत्वपूर्ण रहा है। किंतु आज के आधुनिक परिवेश में हम इस संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। जिससे हम कई शारीरिक और मानसिक समास्याओं का सामना कर रहे हैं। अतः हमें योग के महत्व को समझते हुए उसका प्रचार प्रसार करना चाहिए।कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफएवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297